## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी, फिरोजाबाद की अध्यक्षता में दिनांक 07.08.2024 को आयोजित प्रगति समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

पत्रांक- 2193 / JJM- / 176 दिनांक 17-8-2024

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन(हर घर जल) कार्यक्रम अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक दिनांक 07.08.2024 को कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। जिसमे निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं निम्न बिन्दु पर समीक्षा की गयी है :-

1. इं0 राजेश कुमार गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
2. इं0 सुनील कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
3. इं0 निखिल कुलश्रेष्ठ, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
4. इं0 शिवम राजपूत, सहायक अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, फिरोजाबाद।
5. श्री देवेन्द्र सिंह, जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0।
6. श्री मयंक सिंह, जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0।
7. श्री विजय लोखण्डे, परियोजना प्रबन्धक, मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड।
8. श्री सुशील कुमार, परियोजना प्रबन्धक, मै0 एल0एण्डटी0 लिमिटेड।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा WTP हेतु प्रस्तावित भूमि के वाद के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) फिरोजाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत WTP हेतु ग्राम भडेरा, परगना-मारहरा, तहसील व जिला-एटा में प्रस्तावित भूमि गाटा संख्या-264 रकवा 7.751है0 तथा गाटा संख्या-261/3.372है0, 268/1.707है0 व 250/7.207है0 कुल रकवा 20.037है0 में से गाटा संख्या-264 रकवा 7.751है0 भूमि पर किसानों द्वारा राजस्व परिषद आगरा में कोर्ट केस में विवादित रकवा 7.751है0 भूमि को छोडते हुये, अवशेष कुल रकवा 12.286है0 पर जल शोधन सयंत्र के समस्त घटकों को रि-डिजाइन कराया गया है।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि जनपद के 09 विकास खण्ड अन्तर्गत 780 नग राजस्व ग्रामों को शुद्ध पेयजल से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिये राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा चयनित फर्मो नामतः मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड एवं मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड द्वारा क्रमशः पैकेज-1 एवं पैकेज-2 के कार्य कराये जा रहे है।

(1.) **पैकेज-01** :-

जनपद फिरोजाबाद मे चयनित मैसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड द्वारा जल जीवन मिशन के तहत फेज-IV के प्रस्तावित कार्यो एवं प्रगति के बारे में जानकारी चाही गयी। जिस पर मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि Raw Water Offtake & Raw Water Reservior की डिजाइन एवं ड्राइंग जल निगम कार्यालय में शीघ्र प्रेषित कर दी जायेगी। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि WTP के घटक Clarifocculator में 02 नग की PCC, 06 नग Raft का कार्य पूर्ण है सभी 08 नग Clarifocculator पर कार्य प्रगति पर है, CWR की Raft एवं Vertical Wall की Steel Binding एवं Casting का कार्य प्रगति पर है, Fillter

Scanned with OKEN Scanner

House के Excavation एवं PCC का कार्य प्रगति पर है, Clear Water Rising Main (Route-1) 1800 mm dia MS Pipe - 31.14 Km. के सापेक्ष 3.28 Km. Laying एवं (Route-2) 1100 to 900 mm dia MS Pipe - 58.41 Km. के सापेक्ष 0.17 Km. Laying का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं MIBPS -1 (12700 KL) के Foundation की Raft एवं Pump House की Vertical Wall Casting का कार्य प्रगति पर है, MIBPS-2 (2900 KL) के Vertical Wall की Steel Binding एवं RCC का कार्य प्रगति पर है। MS Pipe Procurement के सम्बन्ध में फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 117.697 कि0मी0 के सापेक्ष मात्र 36.49 कि0मी0 की आपूर्ति कर ली गयी है।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि बार चार्ट के अनुसार कार्यों की प्रगति 55 प्रतिशत के सापेक्ष मात्र 11 प्रतिशत है। जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी एवं कार्यों की प्रगति बढ़ाने हेतु WTP के समस्त घटकों पर कार्य प्रारम्भ कराने एवं अतिरिक्त मैन पावर वढ़ाने के निर्देश दिये गये तथा ऑफटेक चैम्बर बनाने हेतु सम्बन्धित सिंचाई विभाग से अनुमति की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

(2.) पैकेज–02 :–

जनपद फिरोजाबाद में चयनित मैसर्स एल0एण्डटी0 लिमिटेड द्वारा जल जीवन मिशन के तहत फेज–IV के प्रस्तावित कार्यों एवं प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि संशोधित डी0पी0आर0 की डिजाइन के अनुसार OHT (249 Nos.), IBPS - 08 Nos., Clear Water Rising Main - 1332.73 Km एवं Distribution System - 5424.70 Km हो गयी है जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 144 नग Location पर कार्य प्रारम्भ करते हुये 42 नग पर Excavation, 69 पर PCC, 25 पर Foundation, 6 पर Upto Ground Level एवं 2 पर Half Stagging के कार्य प्रगति पर है, 121 Location पर OHT की Campus Boundary Wall का कार्य प्रगति पर है, 08 नग IBPS पर CWR, पम्प हाउस एवं बाउण्ड्रीवाल का कार्य प्रगति पर है, Clear Water Rising Main के सापेक्ष 171.00 Km राइजिंग मेन बिछाने एवं प्रस्तावित वितरण प्रणाली के सापेक्ष 1696.00 Km पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

तदोपरान्त अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि माह जुलाई, 2024 तक बिछायी गयी कुल पाइप लाइन के लिये आवश्यकतानुसार 262.00 कि0मी0 सड़क काटी गयी है, जिसको तत्काल मोटरेवल कराते हुये आवागमन योग्य कराया जा रहा है एवं Road Reinstatement का माह–जुलाई, 2024 तक 132.00 कि0मी0 कार्य पूर्ण कर लिया गया है। निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन, अवर जलाशयों एवं IBPS पर मैन पावर बढ़ाते हुये तीव्रगति से गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराये जाये एवं पाइप लाइन बिछाने के उपरान्त तुरन्त ही आवागमन योग्य कर दिया जाये, ताकि जनमानस को कठिनाईयों का सामना ना करना पड़े।

(3.) टी0पी0आई0 :–

जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–1 अन्तार्गत निर्गत की गयी 51 नग NC's में से मात्र 37 नग NC's का निराकरण किया गया है। इसी प्रकार पैकेज–2 अन्तार्गत निर्गत की गयी 132 नग NC's में से मात्र 61 नग NC's का निराकरण किया गया है। शेष पर दोनों फर्मो द्वारा कार्यवाही आपेक्षित है। निर्देशित किया गया कि फर्म द्वारा कराये जा रहे कार्यो की गुणवत्ता नियंत्रण हेतु इंजीनियरों से कार्यों का दैनिक निरीक्षण कराया जाये एवं फर्म द्वारा मरम्मत की गयी सड़कों की वस्तुस्थिति एवं गुणवत्ता से आगामी बैठक में अवगत कराये।

Scanned with OKEN Scanner

(4.) अन्य दिशा–निर्देश :–

अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि साप्ताहिक समीक्षा करते हुये प्रगति को बढाया जाये एवं विभागीय इंजीनियर से फर्मों द्वारा कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित हेतु दैनिक निरीक्षण कराया जाये।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

(शत्रोहन वैश्य)
मुख्य विकास अधिकारी,
फिरोजाबाद।

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, फिरोजाबाद।
2. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
3. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (फिचनर इण्डिया), फिरोजाबाद।
4. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0(मैधज), फिरोजाबाद।
5. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज–01 मै0 एन.सी.सी. लिमिटेड, फिरोजाबाद।
6. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज–02 मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।

14/3/25

मुख्य विकास अधिकारी,
फिरोजाबाद।

Scanned with OKEN Scanner